

# संत श्री राजारामजी भविष्य ज्ञान ज्योति फाउण्डेशन

## भविष्य ज्ञान ज्योति राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2023–24

## स्तर : विद्यालय

SSRBGJ Foundation 29102023

इस पुस्तिका में 8 पृष्ठ हैं।

This Booklet contains 8 pages

**इस प्रश्न पत्र को तब तक न खोले जब तक कहा न जाए।**

**Do not open this question paper until you are asked to do.**

### महत्वपूर्ण निर्देश:

1. प्रश्न पत्र के इस पृष्ठ पर आवश्यक विवरण नीले/काले बॉल पाइन्ट पैन से तत्काल भरें। पेन्सिल का प्रयागे बिल्कुल वर्जित है।
2. परीक्षार्थी अपना रोल नम्बर निर्धारित जगह के अतिरिक्त परीक्षा पुस्तिका/उत्तर पत्रक पर कहीं और न लिखें।
3. परीक्षा की अवधि 2 घण्टे 30 मिनट है।
4. इस परीक्षा पुस्तिका में 150 प्रश्न है। अधिकतम अंक 150 है।
5. सभी प्रश्नों के उत्तर दे।
6. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
7. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
8. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः (A), (B), (C), (D) अंकित किया गया है। प्रतिभागी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है।
9. गलत उत्तर के लिए **नकारात्मक अंकन नहीं** होगा।

10 रफ कार्य प्रश्न पत्र में केवल निर्धारित जगह पर ही कीजिए।

### Important Instructions :

1. Fill the necessary detail immediatly on this page of the queston paper with Blue/Black Ball point pen. Use of pencil is trictly prohibited.
2. The candidates should not write their form number anywhere elst (except in the specified space) on the test booklet/answer sheet.
3. Duration of examination is 2.30 minutes.
4. The test booklet consists of 150 questions. The maximum marks are 150.
5. Answer all the questions.
6. All questions have equal marks.
7. Give only one answer to each question. In case of giving more than one answer, the answer to the question will be considered wrong.
8. Four alternative answers have been given to each question, which are marked (A), (B), (C), (D) respectively. The participant has to darken only one of the circles or bubbles on the answer sheet with a blue ball point pen, indicating the correct answer.
9. There will be **no negative marking** for wrong answers.
10. Rough work is to be done on the space provided for this purpose in the question paper only.

परीक्षार्थी का नाम : ______________________________.

Name of the Candidate (In Capital Letters) : ______________________________.

रोल नम्बर : अंकों में : ______________________________.

Roll No. : In figures : ______________________________.

शब्दों में : ______________________________.

In words : ______________________________.

परीक्षा केन्द्र : ______________________________.

Centre of Examination (In Capitals Letters) : ______________________________.

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : ______________. निरीक्षक के हस्ताक्षर : ______________.

Candidate's Signature : ______________. Invigilator's Signature : ______________.

01. सत् + शास्त्र की संधि होगी–
(A) सद्शास्त्र (B) सद्छात्र
(C) सच्छास्त्र (D) सत्छात्र

02. किस शब्द में 'अव्ययीभाव' समास हैं–
(A) पंचतंत्र (B) यशप्राप्त
(C) आजीवन (D) महादेव

03. 'प्रत्याहार' शब्द में उपसर्ग हैं–
(A) परी (B) प्र
(C) प्रति (D) परा

04. 'इन' प्रत्यय से निर्मित शब्द नहीं हैं–
(A) ग्रामीण (B) नवीन
(C) कुलीन (D) संकीर्ण

05. 'सूर्य' का पर्यायवाची शब्द हैं–
(A) रश्मि (B) अंशु
(C) प्रकाश (D) सविता

06. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'स्थावर' का विलोम हैं–
(A) जागरण (B) जंगम
(C) अधीर (D) अस्थिर

07. 'जो प्रमाण से सिद्ध हो सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द हैं–
(A) प्रयोजनीय (B) प्रमेय
(C) अप्रामाणिक (D) अप्रमेय

08. निम्न में से अशुद्ध शब्द हैं–
(A) जगन्नाथ (B) छत्रच्छाया
(C) तदोपरांत (D) एतिहासिक

09. 'सबकी मति भ्रष्ट होना' अर्थ को प्रकट करने वाला मुहावरा हैं–
(A) गूँगे का गुड़ (B) गर्दन पर छुरी फेरना
(C) खटाई में पड़ना (D) कुएं में ही भाँग पड़ना

10. 'AREA' अंग्रेंजी शब्द के लिए हिंदी पारिभाषिक शब्द है–
(A) मंडल (B) अंचल
(C) क्षेत्र (D) खण्ड

11. She ____ her daughter to school before she went to work.
(A) takes (B) was taking (C) had taken (D) took

12. ______ I go out today?
(A) Can (B) May
(C) Will (D) Ought to

13. "Ranjit will tell has later" select the correct passive from the given sentence.
(A) She will be tell later by Ranjit
(B) She will tell later by Ranjit
(C) She will be told later by Ranjit
(D) She will be tell later

14. He says "Sita is ill" select the correct narration.
(A) He said that Sita is ill. (B) He says that Sita is ill.
(C) He said that she is ill. (D) He says that she is ill.

15. My mother is a doctor. _____ treats patients.
(A) Her (B) She
(C) Hers (D) None of these

16. Pooja is poor. _____ she is honest.
(A) Because (B) Since (C) But (D) Both

17. "Alas! I lost the bet." Identify the sentence.
(A) Imperative Sentence (B) Exclanatory Sentence
(C) Assertive Sentence (D) Intrrogative Sentence

18. Fifty miles _____ a long distance.
(A) are (B) is (C) were (D) quite

19. It's raining ____ Add question tag.
(A) Is it (B) Isn't it (C) Aren't it (D) Was it

20. "A professional rider in horse races" select the correct one word-
(A) Flock (B) Jockey
(C) Dower (D) Sheath

21. अच्छी प्रकार फेंटी गई 52 पत्तों की ताश की गड्डी से एक पत्ता यादृच्छया निकाला गया हैं तो एक गुलाम के आने की प्रायिकता क्या होगी?
(A) $\frac{3}{26}$ (B) $\frac{3}{52}$ (C) $\frac{1}{13}$ (D) $\frac{3}{52}$

22. माध्य माध्यिका एवं बहुलक में निम्न में से कौनसा संबंध सही हैं?
(A) बहुलक = 3 (माध्यिका) – 2 (माध्य)
(B) बहुलक = 2 (माध्यिका) – 3 (माध्य)
(C) माध्यिका = 3 (बहुलक) – 2 (माध्य)
(D) माध्य = (माध्यिका) – 2 (बहुलक)

23. एक आयताकार प्लाट की लम्बाई 10% और चौड़ाई 5% बढ़ाई गयी तो उसका क्षेत्रफल कितना प्रतिशत बढ़ जायेगा?
(A) $10\frac{1}{2}$ (B) $15\frac{1}{2}$ (C) $15\frac{1}{4}$ (D) $15\frac{1}{3}$

24. निम्न में से कौन–सी संख्या परिमेय हैं?
(A) $\sqrt{3}$ (B) $\frac{4}{0}$ (C) $\frac{0}{4}$ (D) $\pi$

25. समान्तर श्रेणी के सार्वअन्तर का मान संभव हैं?
(A) धनात्मक (B) ऋणात्मक
(C) शून्य (D) सभी

26. $\sin\theta$ बराबर हैं–
(A) $\sqrt{1-\cos^2\theta}$ (B) $\frac{1}{\operatorname{cosec}\theta}$

*रफ कार्य के लिए*

(C) $\frac{1}{\sqrt{1+\cot^2\theta}}$ (D) सभी

27. एक मीनार की परछाई उसकी ऊँचाई के बराबर हैं तो उस समय सूर्य का उन्नयन कोण (angle of elevation) हैं–
(A) $30^o$ (B) $60^o$ (C) $45^o$ (D) $90^o$

28. यदि किसी घन जिसका आयतन v हैं, की प्रत्येक कोर को (side) को दुगुना कर दिया जावे तो इस नये घन का आयतन होगा–
(A) 8V (B) 6V (C) 4V (D) 2V

29. निम्न में से ठोस आकृति नहीं हैं–
(A) शंकु (B) बेलन (C) वृत्त (D) गोला

30. $\sqrt{8}$ का घनमूल हैं–
(A) 2 (B) 4 (C) $\sqrt{2}$ (D) $2\sqrt{2}$





31. निम्न लिखित प्रश्न में कौनसा विकल्प दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर आयेगा–
QEA, NBH, LZF, ?
(A) LMC (B) KYE (C) ACE (D) GHL

32. 4, 9, 19, 39, 79, ?
(A) 169 (B) 179 (C) 159 (D) 149


33. A, B की बहन है। C, B की माँ हैं। D, C का पिता हैं। E, D की माता हैं तो A का D से क्या रिश्ता हैं?
(A) नानी (B) नाना (C) पुत्री (D) नतिनी

34. विजय उत्तर की ओर जा रहा हैं, उसके बाद वह दाएँ मुड़ता हैं और फिर दाएँ मुड़ता हैं, फिर बाएँ मुड़ता हैं। यह बताएँ कि विजय अब किस दिशा में जा रहा हैं?
(A) उत्तर (B) दक्षिण (C) पूर्व (D) पश्चिम

35. निम्न में से कौनसा आरेख "राजस्थान बालोतरा, बाड़मेर" को दर्शाता हैं?

(A) 
(B) 
(C) 
(D) 

36. दी गई आकृति में कितने त्रिभुज हैं?



(A) 9 (B) 20 (C) 11 (D) 12

37. 8 A.M. से 8 P.M. के बीच घड़ी की सुइयॉ कितनी बार ठीक विपरित दिशा में रही होगी–
(A) 16 (B) 12
(C) 8 (D) इनमें से कोई नहीं

38. प्रश्न में दो कथन तथा दो निष्कर्ष दिए जा रहे हैं। दिए गए कथनों के आधार पर निश्चित रूप सत्य निष्कर्ष का चुनाव करें।
कथन : 1. सभी डॉक्टर शिक्षक हैं
2. सभी वकील शिक्षक हैं
निष्कर्ष : I. कुछ शिक्षक डॉक्टर हैं
II. कुछ शिक्षक वकील हैं।
(A) यदि निष्कर्ष I सत्य हैं
(B) यदि निष्कर्ष II सत्य हैं
(C) यदि निष्कर्ष I व II दोनों सत्य हैं
(D) न तो निष्कर्ष I सत्य हैं और न ही II सत्य हैं

39. एक परिवार में एक पुरूष, उसकी पत्नी, उनके चार पुत्र और उनकी पत्नियाँ। प्रत्येक पुत्र के अपने परिवार में तीन तीन बेटे और एक–एक बेटी भी हैं। पूरे परिवार में पुरूष सदस्य संख्या ज्ञात कीजिए–
(A) 10 (B) 12 (C) 14 (D) 17

40. यदि 5 फरवरी 2023 को मंगलवार था तो 5 फरवरी 2024 को वार होगा–
(A) मंगलवार (B) सोमवार
(C) बुधवार (D) गुरूवार

41. बास्तिल दुर्ग की घटना किस क्रान्ति से संबंधित है?
(A) अमेरिका की क्रांति (B) चीन का स्वतंत्रता संग्राम
(C) फ्रांस की क्रांति (D) रूस की क्रांति

42. रूस की क्रांति का जनक किसे माना जाता है?
(A) रूसो (B) वाल्टेयर
(C) एक्लिटन (D) लेनिन

43. प्रथम विश्व युद्ध के दौरान मित्र राष्ट्रों की सूची में कौनसा देश नहीं था?
(A) जर्मनी (B) अमेरिका
(C) जापान (D) रूस

44. द्वितीय विश्व कब शुरू हुआ था?
(A) वर्ष 1939 (B) वर्ष 1940
(C) वर्ष 1938 (D) वर्ष 1945

45. किस महाद्वीप से तीनों रेखाएं (कर्क, मकर, भुमध्यरेखा) गुजरती है?
(A) ऑस्ट्रेलिया (B) यूरोप
(C) अफ्रीका (D) एशिया

*रफ कार्य के लिए*

46. 10 सितंबर, 2023 को ग्रामीण इन्दिरा रसोई योजना की शुरूआत कहां से की गई–
(A) टोंक (B) जयपुर
(C) उदयपुर (D) बीकानेर

47. हाल ही में शुरू की गई मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना के तहत् प्रति पशु कितनी राशि का बीमा किया जाता है–
(A) 35 हजार रूपये (B) 45 हजार रूपये
(C) 50 हजार रूपये (D) 40 हजार रूपये

48. डायल फ्यूचर कार्यक्रम कौनसे विभाग द्वारा शुरू किया गया–
(A) स्कूली शिक्षा विभाग (B) कॉलेज शिक्षा विभाग
(C) कृषि विभाग (D) वन एवं पर्यावरण विभाग

49. राजस्थान का नवीन टाईगर रिजर्व घोषित किया गया–
(A) रामगढ़–विषधारी (B) धोलपुर–करोली
(C) सोरशन–बारां (D) नागपहाड़–अजमेर

50. पद्मश्री 2023 के विजेता नहीं है– (राजस्थान से)
(A) मूलचंद लोढ़ा (B) अहमद हुसैन
(C) लक्ष्मण सिंह (D) जाकीर हुसैन

51. स्मार्ट सिटी अवार्ड–2022 के तहत् देश का शीर्ष स्मार्ट शहर कौनसा है–
(A) नई दिल्ली (B) जयपुर (C) इंदौर (D) बैंगलूरू

52. नए संसद भवन का उद्घाटन कब किया गया?
(A) 28 मई (B) 28 जून
(C) 28 जुलाई (D) 28 अगस्त

53. G-20 शिखर सम्मेलन (18वां) की अध्यक्षता करने वाला देश–
(A) जापान (B) भारत
(C) USA (D) कनाडा

54. IPL के 16वें संस्करण की विजेता टीम है–
(A) गुजरात (B) बैंग्लूरू
(C) चैन्नई (D) हैदराबाद

55. एशियाई खेल 2023 में भारत ने कुल कितने पदक जीते हैं?
(A) 107 (B) 106 (C) 105 (D) 104

56. 42वें संविधान संशोधन द्वारा संविधान की उद्देशिका मे निम्न में से कौनसा/कौन–कौन से शब्द जोड़े गए है?
(i) समाजवादी (ii) पंथनिरपेक्षता (iii) एकता
सही कुट का मिलान कीजिए
(A) केवल (i) (B) (i) और (ii)
(C) (ii) और (iii) (D) (i), (ii) और (iii)

57. मुल संविधान में कुल कितने "मुल कर्तव्य" को रखा गया?
(A) 0 (B) 10 (C) 11 (D) 12

58. दल–बदल से संबन्धित कौनसी अनुसूची है?
(A) 7वीं अनुसूची (B) 8वीं अनुसूची
(C) 9वीं अनुसूची (D) 10वीं अनुसूची

59. यह किसने कहा कि 'जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए' शासन ही लोकतंत्र है'?
(A) डायसी (B) ब्राइस
(C) अब्राहिम लिंकन (D) लॉवेल

60. संविधान की ग्यारवीं अनुसूची के अनुसार पंचायत के क्षेत्राधिकार में कुल कितने विषयों को रखा जाता है?
(A) 27 (B) 28 (C) 29 (D) 30

61. भारतीय संविधान के किस भाग में 'नीति निर्देशक तत्व' का वर्णन किया गया है?
(A) भाग III (B) भाग IV
(C) भाग V (D) भाग VI

62. संविधान संशोधन की प्रक्रिया किस अनुच्छेद में वर्णित है?
(A) अनुच्छेद 40 (B) अनुच्छेद 367
(C) अनुच्छेद 368 (D) अनुच्छेद 370

63. भारतीय संसद में निम्नलिखित में से कौन शामिल नहीं है?
(A) राष्ट्रपति (B) उपराष्ट्रपति
(C) लोकसभा (D) राज्यसभा

64. राज्यसभा का अध्यक्ष कौन होता है?
(A) प्रधानमंत्री (B) केबिनेट मंत्री
(C) राष्ट्रपति (D) उपराष्ट्रपति

65. भारतीय संविधान का प्रथम प्रारूप तैयार किया गया था–
(A) डॉ. अम्बेडकर द्वारा (B) महात्मा गांधी द्वारा
(C) के संथानम द्वारा (D) बी.एन.राव द्वारा

66. सिंधु घाटी की सभ्यता में घोड़े के अवशेष कहाँ मिले हैं?
(A) सुरकोटड़ा (B) वणावली
(C) मध्यप्रदेशा (D) कालीबंगा

67. 'सत्यमेव जयते' किस उपनिषद् की उक्ति हैं?
(A) मुण्डकोपनिषद् (B) कठोपनिषद्
(C) केनोपनिषद् (D) छान्दोग्यपनिषद्

68. महात्मा बुद्ध ने सर्वाधिक उपदेश कहाँ दिए–
(A) सारनाथ (B) श्रावस्ती
(C) कुशीनगर (D) पावापुरी

69. प्रथम जैन संगति कब और कहाँ हुई थी?
(A) 540 ई. पू., कुण्डग्राम (वैशाली)
(B) 400 ई. पू., पावापुरी
(C) 300 ई. पू., पाटलिपुत्र
(D) 223 ई. पू., बोधगया

70. धौलपुर में अंग्रेजों के विरूद्ध क्रांति का नेतृत्व किसने किया?
(A) रामदयाल व हरदयाल
(B) राव रामचन्द्र व हीरालाल
(C) जयदयाल व हरदयाल
(D) तांत्या टोपे व रामचन्द्र

*रफ कार्य के लिए*

71. तांत्यॉ टोपे को फाँसी कहाँ दी गई थी?
(A) सलुम्बर (B) क्षिप्रा
(C) अजमेर (D) ब्यावर

72. घन के निष्कासन का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया था–
(A) दादा भाई नौरोजी (B) अरविन्द घोष
(C) गोपाल कृष्ण गोखले (D) महात्मा गाँधी

73. कांग्रेस की स्थापना के समय भारत के वायसराय कौन थे?
(A) लॉर्ड रिपन (B) लॉर्ड लेस डाउन
(C) लॉर्ड डफरिन (D) लॉड कर्जन

74. गदर पार्टी की स्थापना कहाँ पर हुई?
(A) सेन फ्रासिस्को (USA) (B) बम्बई (MH)
(C) न्यूयार्क (USA) (D) शिकागों

75. सन् 1947ई. में वीरबाला कालीबाई किस घटना में शहीद हुई थी?
(A) रास्तापाल काण्ड में (B) पुनवाड़ा काण्ड में
(C) डाबरा काण्ड में (D) काब्जा काण्ड में

76. निम्नलिखित याम्योतर में से कौन –सा भारत का मानक याम्योतर हैं?
(A) $69^o30^o$ पूर्व (B) $23^o 30^o$ पूर्व
(C) $82^o 30^o$ पूर्व (D) $37^o6^o$ पूर्व

77. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का विश्व के देशों मे कौनसा स्थान हैं?
(A) पाँचवा (B) द्वितीय
(C) सातवाँ (D) आठवाँ

78. शिव समुद्रम जल प्रपात किस नदी पर स्थित हैं?
(A) कावेरी नदी (B) गोदावरी नदी
(C) शरावती नदी (D) कर्ण प्रयाग

79. लघु हिमालय श्रेणी के ढालों पर मिलने वाले छोटे –छोटे घास के मैदानों को उत्तराखण्ड में क्या कहा जाता हैं?
(A) दून (B) मर्ग
(C) चोस (D) बुग्याल एवं पयार

80. भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार किस राज्य का जनसंख्या घनत्व 17 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी था?
(A) बिहार (B) अरूणाचल प्रदेश
(C) असम (D) राजस्थान

81. मध्यप्रदेश का पन्ना जिला किस खनिज के लिए प्रसिद्ध हैं?
(A) मैंगनीज (B) संगमरमर
(C) अभ्रक (D) हीरा

82. 'काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान' किसके लिए प्रसिद्ध है?
(A) बाघ (B) कस्तुरी मृग
(C) हाथी (D) गेंडा

83. अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता हैं–
(A) 16 दिसम्बर (B) 22 मई
(C) 21 जून (D) 22 दिसम्बर

84. नेपानगर में स्थित सबसे महत्वपूर्ण उद्योग हैं–
(A) मशीनी औजार (B) सीमेंट उद्योग
(C) चीनी उद्योग (D) अखबारी कागज उद्योग

85. निम्नलिखित में से कौन–सा एक सुमेलित नहीं हैं?
(A) भिलाई – मध्यप्रदेश (B) दुर्गापुर – पश्चिम बंगाल
(C) जमशेदपुर – झारखण्ड (D) राउरकेला – ओडिशा

86. RBI का मुख्यालय स्थित हैं–
(A) कोलकता (B) दिल्ली (C) बेंगलुरू (D) मुम्बई

87. भारत में हरित क्रांति के जनक कौन थे?
(A) वर्गिश कुरियन (B) M.S. स्वामिनाथ
(C) पी.सी. महालनोबिस (D) विजय केलकर

88. कृषि एवं इससे सम्बन्धित क्रियाकलाप हमारी अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्रक में सम्मिलित किया जाता हैं?
(A) प्राथमिक क्षेत्रक (B) द्वितियक क्षेत्रक
(C) तृतीयक क्षैत्रक (D) चतुर्थ क्षेत्रक

89. सामान्यतः किसी देश का विकास किस आधार पर निर्धारित किया जा सकता हैं–
(A) प्रतिव्यक्ति आय (B) औसत साक्षरता स्तर
(C) लोंगो की स्वास्थ्य स्थिति (D) उपरोक्त सभी

90. नीति आयोग का अध्यक्ष कौन होता हैं?
(A) गृहमंत्री (B) प्रधानमंत्री
(C) वितमंत्री (D) मुख्य न्यायधीश

91. मत्स्य जनपद की राजधानी थी–
(A) विराटनगर (B) उज्जेन
(C) पाटलीपुत्र (D) इन्द्रप्रस्थ

92. महाराजा सुरजमल कहॉ के शासक थे?
(A) भरतपुर (B) बांसवाडा (C) बीकानेर (D) जयपुर

93. अल्लाउद्दीन खिलजी के आक्रमण के समय चितौड़ का शासक कौन था?
(A) रत्नसिंह (B) महाराणा प्रताप
(C) महाराणा सांगा (D) महाराणा कुम्भा

94. निम्न में से कौनसा सही सुम्मेलित नहीं है?

| राजवंश | | संस्थापक |
|---|---|---|
| (A) राठौड़ | – | राव सिहा |
| (B) चौहान | – | वासुदेव |
| (C) जाट | – | चुड़ामन |
| (D) कच्छवाह | – | गुहिल |

95. ''चुहों के मन्दिर'' के नाम से कौनसा मन्दिर विख्यात है?
(A) करणीमाता मन्दिर बीकानेर
(B) कैलादेवी मन्दिर करौली
(C) सुंधा माता मंदिर
(D) शीतला माता मन्दिर जयपुर

*रफ कार्य के लिए*

96. राजस्थान में धार्मिक आंदोलन का श्रीगणेश करने का श्रेय किसको जाता है?
(A) संत मावजी (B) संत हरिदास
(C) संत रामचरण (D) संत धन्ना

97. रामदेवरा (रूणिचा) में बाबा रामदेव का मेला कब भरता है?
(A) भाद्रपद कृष्ण द्वितीया (B) श्रावण शुक्ल द्वितीया
(C) भाद्रपद शुक्ल द्वितीया (D) चैत्र शुक्ल एकादशी

98. हाथी महोत्सव कहाँ मनाया जाता है?
(A) जोधपुर (B) कोटा
(C) बिकानेर (D) जयपुर

99. चन्द्रभागा मेला राजस्थान के कौनसे शहर में भरा जाता है?
(A) झालरापाटन (B) आंसीह
(C) पुष्कर (D) उदयपुरवाटी

100. थेवा कला किस जिले से संबंधित है?
(A) प्रतापगढ़ (B) उदयपुर
(C) चूरू (D) झालावाड़

101. हालरो, हॉसली, तिमनियां, चन्द्रहार आदि आभूषण पहने जाते है?
(A) पैर (B) गले में
(C) सिर पर (D) कमर से

102. स्त्रियों द्वारा लहरियॉ भांत की ओठनी किस माह में पहनी जाती है?
(A) भाद्रपद (B) फाल्गुन
(C) श्रावण (D) वैशाख

103. गुलाबो का सम्बन्ध किस नृत्य से हैं?
(A) तेरहताली नृत्य (B) कालबेलिया नृत्य
(C) ढोल नृत्य (D) डांडिया नृत्य

104. ''बातां री फुलवारी'' किसकी रचना है?
(A) मालचंद तिवाड़ी (B) लक्ष्मी कुमारी
(C) श्रीलाल (D) विजयदान देथा

105. 'राजस्थान साहित्य अकादमी' कहाँ स्थित है?
(A) जयपुर (B) जोधपुर
(C) बीकानेर (D) उदयपुर

106. राजस्थानी भाषा दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?
(A) 14 अक्टूबर (B) 14 सितम्बर
(C) 21 फरवरी (D) 30 मार्च

107. अढाई दिन का झोपड़ा कहाँ स्थित है?
(A) जयपुर (B) चितोड़ (C) जालौर (D) अजमेर

108. केवलादेव घना राष्ट्रीय उद्यान कौनसें जिलें में स्थित है?
(A) भरतपुर (B) सीकर (C) झून्झुनु (D) प्रतापगढ़

109. हवामहल का निर्माण किसने करवाया था?
(A) प्रतापसिंह (B) जयसिंह
(C) मानसिंह (D) ईश्वरीसिंह

110. सहेलियों की बाड़ी कहाँ स्थित है?
(A) राजसमन्द (B) बूंदी
(C) उदयपुर (D) अजमेर

111. राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र स्थित हैं?
(A) बीकानेर (B) जैसलमेर
(C) चुरू (D) बाड़मेर

112. जयसमन्द झील कौनसे जिलें में स्थित है?
(A) उदयपुर (B) चितौड़गढ
(C) बाड़मेर (D) जालोर

113. विजय स्तम्भ का निर्माण किसने करवाया?
(A) महाराणा प्रताप (B) चित्रागन्द मौर्य
(C) हम्मीर (D) राणा कुम्भा

114. सास–बहु का मन्दिर (सहस्त्र बाहु मन्दिर) कहाँ स्थित हैं?
(A) नागदा, उदयपुर (B) झालरापटन, झालावाड़
(C) सुंधामाता, जालौर (D) झोरड़ा, नागौर

115. करौली में कौनसा मन्दिर स्थित हैं?
(A) रणकपुर जैन मन्दिर (B) कैला देवी मन्दिर
(C) तन्नोट माता मन्दिर (D) गोविन्द देवजी मन्दिर

116. निम्न को सुमेलित कीजिए?

| **शहर** | **उपनाम** |
|---|---|
| (i) भीलवाड़ा | (a) झीलों की नगरी |
| (ii) बूंदी | (b) वस्त्र नगरी |
| (iii) उदयपुर | (c) राजस्थान का अन्न भण्डार |
| (iv) गंगानगर | (d) कुण्ड/बावड़ियों का शहर |

(A) (i) - (a), (ii) - (b), (iii) - (c), (iv) - (d)
(B) (i) - (b), (ii) - (d), (iii) - (a), (iv) - (c)
(C) (i) - (b), (ii) - (d), (iii) - (c), (iv) - (a)
(D) (i) - (b), (ii) - (d), (iii) - (c), (iv) - (a)

117. गेब सागर झील स्थित हैं?
(A) डुगंरपुर (B) बांसवाड़ा
(C) प्रतापगढ़ (D) उदयपुर

118. किस झील में महात्मा गॉधीजी का अस्थियों का विसर्जन किया गया था?
(A) नक्की झील (B) पुष्कर झील
(C) कोलायत झील (D) राजसमन्दर झील

119. जयपुर फुट के जनक कौन थे?
(A) डॉ. पी.के.सेठी (B) डॉ. पी.के.अग्रवाल
(C) डॉ. अशोक (D) डॉ. वी.सी.राय

120. राजस्थान राज्य की कुल स्थलीय सीमा कितनी हैं?
(A) 1070 km (B) 5000 km
(C) 7700 km (D) 5920 km

*रफ कार्य के लिए*

121. कामधेनु, बारहमासी किस नदी के उपनाम है?
(A) चम्बल नदी (B) बनास नदी
(C) लूणी नदी (D) घग्घर

122. राजस्थान का क्षेत्रफल भारत के कुल क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत है?
(A) 5.40% (B) 19.20%
(C) 15.20% (D) 10.41%

123. राणा प्रताप सागर बॉध किस नदी पर बना हुआ है?
(A) चम्बल नदी (B) माही नदी
(C) सोम नदी (D) जवाई नदी

124. चितौड़ दूर्ग किस पठार पर अवस्थित है?
(A) उड़िया का पठार (B) भोराठ का पठार
(C) मेसा का पठार (D) आबू का पठार

125. राजस्थान दिवस कब मनाया जाता हैं?
(A) 30 अप्रेल (B) 30 मई
(C) 30 मार्च (D) 30 जनवरी

126. राजस्थान का एकीकरण कितने चरणों में सम्पन्न हुआ?
(A) 5 (B) 10 (C) 6 (D) 7

127. राजस्थान में 1857 की क्रांति का प्रथम विद्रोह कहाँ हुआ था?
(A) नसीराबाद (B) एंरिनपुरा
(C) देवली (D) खेरवाड़ा

128. 'एकी आन्दोलन' किसने चलाया?
(A) गुरू गोविन्दगिरी (B) मोतीलाल तेजावत
(C) माणिक्यलाल वर्मा (D) भोगीलाल पण्ड्या

129. 'चेतावनी रा चुगठियॉ? नामक तेरह सौरठे किस क्रांतिकारी द्वारा लिखे गये?
(A) प्रतापसिंह बारहठ (B) केसरीसिंह बारहठ
(C) अर्जुन लाल सेठी (D) विजयसिंह पथिक

130. मेवाड़ का प्रसिद्ध ''बेगूं किसान आन्दोलन' में गोलीबारी में शहीद हुए थे?
(A) डुंगजी–जवाहरजी (B) रूपाजी–कृपाजी
(C) धन्ना–भियाजी (D) नानक भील–देवीलाल गुर्जर

131. 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान का जनसंख्या घनत्व कितने व्यक्ति प्रति वर्ग किमी है?
(A) 382 प्रति वर्ग कि.मी. (B) 200 प्रति वर्ग कि.मी.
(C) 595 प्रति वर्ग कि.मी. (D) 17 प्रति वर्ग कि.मी.

132. ''मावठ'' क्या है?
(A) ऊंट का श्रृंगार (B) खाद्य व्यंजन
(C) शीत ऋतु की बारिश (D) एक प्रथा

133. राजस्थान के प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री कौन थे?
(A) हीरालाल शास्त्री (B) टीकाराम पालीवाल
(C) जयनारायण व्यास (D) मोहनलाल सुखाड़िया

134. तराइन का प्रथम युद्ध कब हुआ?
(A) 1191 ई. (B) 1192 ई.
(C) 1194 ई. (D) 1526 ई.

135. क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान का सबसे बड़ा जिला है?
(A) जोधपुर (B) बीकानेर (C) बाड़मेर (D) जैसलमेर

136. इलेक्ट्रॉन की खोज किसने की थी?
(A) थामसन (B) नील्स बोर
(C) रदरफोर्ड (D) फेराडे

137. सोडियम धातु का संग्रह किसमें डुबोकर किया जाता है?
(A) केरोसीन (B) हवा में
(C) जल में (D) अमोनिया में

138. फोटोग्राफी में कौनसा अम्ल प्रयोग किया जाता है–
(A) फार्मिक अम्ल (B) आक्सेलिक अम्ल
(C) साइट्रिक अम्ल (D) एसीटिक अम्ल

139. कोशिका सिद्धान्त का अपवाद है–
(A) जीवाणु (B) कवक
(C) विषाणु (D) प्रोटोजोआ

140. पादप जगत का उभयचर किसे कहते है
(A) टैरिडोफाइटा (B) ब्रायोफाइटा
(C) जिम्नोस्पर्म (D) शैवाल

141. शरीर में हिमोग्लोबीन का कार्य है?
(A) ऑक्सीजन का परिवहन (B) जीवाणुओं को नष्ट करना
(C) लोह का उपयोग (D) इनमें से कोई नहीं

142. दूध से क्रीम निकालने में कौनसा बल लगता है?
(A) अपकेन्द्री बल (B) अभिकेन्द्रीय बल
(C) उपकेन्द्री बल (D) बाह्य बल

143. मानव ऑख के रेटिना पर कैसा प्रतिबिम्ब बनता है?
(A) वास्तविक तथा उल्टा (B) वास्तविक तथा सीधा
(C) आभासी तथा उत्टा (D) आभासी तथा सीधा

144. कार की बैटरी में प्रयुक्त एसिड कौनसा है?
(A) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (B) बोरिक अम्ल
(C) सल्फ्यूरिक अम्ल (D) कार्बोनिक अम्ल

145. गुणसुत्र में होते है–
(A) DNA और लिपिड (B) RNA और एमिनो अम्ल
(C) DNA और प्रोटीन (D) RNA और शुगर

146. भारत में निर्मित प्रथम कम्प्यूटर हैं–
(A) सिद्धार्थ (B) परम (C) मेघा (D) साइबर

147. कम्प्यूटर का नियंत्रक भाग कहलाता है?
(A) प्रिन्टर (B) की–बोर्ड
(C) सीपीयू (D) हार्ड–डिस्क

148. E-mail का फुल फार्म क्या है?
(A) इलेक्ट्रॉनिक मेल (B) इलेक्ट्रीक मेल
(C) इलेक्ट्रॉमैग्नेटिक मेल (D) ऐलीमेन्ट्री मेल

149. प्रोग्राम हेतु सर्वप्रथम विकसित की गई भाषा हैं–
(A) FORTRAN (B) PASCAL
(C) COBOL (D) BASIC

150. कम्प्यूटर आंकड़ों में अशुद्धि को कहते हैं–
(A) चिप (B) बाइट (C) बग (D) बिट

*रफ कार्य के लिए*



# संत श्री राजारामजी भविष्य ज्ञान ज्योति फाउण्डेशन

## समाज में शैक्षणिक उन्नयन हेतु एक प्रयास

**कलबी समाज** के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की वर्तमान पद्धतियों से अवगत कराकर उनमें सफलता सुनिश्चित कराने एवं विभिन्न क्षेत्रों में कॅरियर के अवसरों की जानकारी देने के उद्देश्य से **भविष्य ज्ञान ज्योति प्रतिभा खोज परीक्षा एवं कॅरियर गाइडेंस सेमिनार** का आयोजन **संत श्री राजाराम भविष्य ज्ञान ज्योति फाउण्डेशन (रजिस्टर्ड)** द्वारा **राजस्थान** के सभी कलबी बाहुल्य जिलों **(सांचौर, जालोर, सिरोही, बालोतरा, बाड़मेर, जोधपुर, पाली एवं जयपुर)** में प्रतिवर्ष किया जाता है।

**भविष्य ज्ञान ज्योति प्रतिभा खोज परीक्षा** का प्रारम्भ वर्ष 2005 में **श्री राजाराम कलबी समाज छात्रावास सांचौर** (जालोर) में किया गया। तत्पश्चात इसको **श्री राजाराम कलबी समाज छात्रावास जालोर** में विस्तारित किया गया। सन् **2005** से **2012** तक इस परीक्षा का आयोजन **जालोर** एवं **सांचौर** में स्थित कलबी समाज के छात्रावासों में किया जाता रहा।

शैक्षिक सत्र **2013–14** से परीक्षा कार्यक्रम में महत्त्वपूर्ण बदलाव करते हुए इस परीक्षा का आयोजन राजस्थान के कलबी बाहुल्य जिलों में प्रति वर्ष किया जा रहा है। इसके साथ ही **ब्लॉक स्तरीय, जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता तथा कॅरियर गाइडेंस सेमिनार** का आयोजन भी प्रतिवर्ष किया जा रहा है। इससे समाज के विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरुकता बढ़ी है जिसके फलस्वरूप इस परीक्षा में सहभागी रहे कई विद्यार्थी विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित हुए है एवं हो रहे हैं।

शैक्षिक सत्र 2021–22 में भविष्य ज्ञान ज्योति परीक्षा आयोजन समिति को संस्थागत रूप देते हुए **संत श्री राजाराम भविष्य ज्ञान ज्योति फाउण्डेशन** के रूप में पंजीकृत करते हुए संस्थान सदस्यों एवं भामाशाहों के आर्थिक सहयोग से जरूरतमंद प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए **छात्रवृत्ति** के रूप में **आर्थिक सम्बलन** प्रदान करना प्रारम्भ किया।

इस सत्र में फाउण्डेशन द्वारा नवाचार करते हुए फाउण्डेशन की वेबसाइट www.bhavishygyanjyoti.com का सृजन किया। जिसके माध्यम से विद्यार्थी इस परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। साथ ही विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम एवं फाउण्डेशन की अन्य गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध होगी।

इस वर्ष **(2023–24)** में इस परीक्षा का आयोजन **29 अक्टूबर, 2023** को राज्य के **43 परीक्षा केन्द्रों** पर होने जा रहा है जिसमें कुल पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या **8250** है। इसके पश्चात जिला स्तरीय एवं **राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता** एवं **कॅरियर गाइडेंस सेमिनार** क्रमशः **जनवरी, 2024** व **फरवरी 2024** में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त क्विज प्रतियोगिता एवं कॅरियर गाइडेंस सेमिनार के माध्यम से जरूरतमंद प्रतिभावान विद्यार्थियों का चयन **मई, 2024** में किया जाएगा।